# गोबिन्द बल्लभ कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पन्तनगर,जिला ऊधम सिंह नगर
## विज्ञापन सं01/2019

विश्वविद्यालय के अधीन कृषि विज्ञान केन्द्र अल्मोड़ा, नैनीताल, एवं पिथौरागढ पर एक–एक पद एग्रोमेट ऑब्जरवर हेतु उपयुक्त भारतीय नागरिकों, जिनका उत्तराखण्ड के किसी सेवायोजन कार्यालय में आवेदनपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक पंजीकरण हो, **परियोजना अवधि तक के लिए प्रति वर्ष सेवा विस्तारित आधार पर** चयन हेतु नीचे दिये गये प्रारूप में (जो ए–4 कागज पर टंकित हो) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र के लिफाफे में ऊपर विज्ञापन सं0, पद का नाम, श्रेणी, समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियों, जाति–प्रमाण पत्र (जो उत्तराखण्ड के अनुसूचित जातियों, अनूसूचित जनजातियों, उत्तराखण्ड के अन्य पिछड़ें वर्ग हेतु उत्तराखण्ड शासन के निर्देशानुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त एवं निर्धारित प्रारूप में हो),दो पासपोर्ट आकार के फोटो (एक अनुप्रमाणित, एक स्वप्रमाणित) तथा इस विश्वविद्यालय के वित्त नियत्रक, के पक्ष में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, पन्तनगर (कोड सं0 1133) में भुगतान योग्य रू0 200.00 सामान्य/अन्य पिछडे वर्ग एवं रू0 100.00 अनु0 जाति/अनु0 जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु रेखांकित बैंकं ड्राफ्ट द्वारा आवेदन शुल्क के साथ आवेदन पत्र दिनांक 31.01.2020 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में पहुँच जाने चाहिए। आवेदन शुल्क वित्त नियंत्रक कार्यालय में नकद भी जमा किया जा सकता है। आवेदन शुल्क किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा।

अपूर्ण तथा अंतिम तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र भरने से पूर्व विज्ञापन को सावधानी पूर्वक पढ़ लें। वर्तमान में सेवारत कर्मचारी यदि इच्छुक हो तो अपने आवेदन पत्र उचित माध्यम से ही प्रेषित करें। अभ्यार्थियों की आयु दिनांक 01.07.2019 को 18 से 42 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। विश्वविद्यालय के नियमित कर्मचारियों के लिए आयु सीमा में नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी। उत्तराखण्ड के अनु. जाति/अनु.जनजाति एवं अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थिंयों को नियमानुसार आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। उत्तराखण्ड के स्वतत्रंता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को अधिकतम आयुसीमा में 5 वर्ष/समाज के विकलांगं अभ्यथियों को 10 वर्ष/भूतपूर्व सैनिकों को निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी से निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने पर उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश दिनांक 24.6. 2011 के अंतर्गत ऊपरी आयुसीमा में केवल एक बार के लिए 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। विज्ञापन के संबध में किसी किस्म के विवाद पर निर्णय जिला ऊधम सिंह नगर उत्तराखण्ड के क्षेत्रान्तर्गत होगा। पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है तथा सक्षम नियुक्ति प्राधिकारी को इस सम्बन्ध में निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार होगा।

**पदों का विवरण**

| क0 सं0 | पद नाम | वेतनबैंड एवं ग्रेड वेतन/ वेतन मैट्रिक्स में स्तर | पदों की संख्या | आरक्षण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनु0 जाति 19 प्रतिशत | अ0 ज0 जाति 4 प्रतिशत | अ0पि0व0 14 प्रतिशत् | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग 10 प्रतिशत् | सामान्य |
| 1 | एग्रोमेट ऑब्जरवर | 5200–20200 ग्रेड पे रू. 2000 स्तर–3 | 03 | – | – | – | – | 03 |

1. शैक्षणिक योग्यता:– इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग से उत्तीर्ण तथा कम्प्यूटर संचालन का ज्ञान।

**चयन प्रकिया :–** अभ्यर्थियों के चयन हेतु 150 अंकों की एक लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा में सामान्य हिन्दी, सामान्य ज्ञान और सामान्य अध्ययन से सम्बन्धित 50 अंको का एक प्रश्न पत्र और सम्बन्धित पद की न्यूनतम अर्हता से सम्बन्धित विषयों का 100 अंकों का द्वितीय प्रश्नपत्र होगा एवं प्रश्नपत्र मूल्यांकन में प्रत्येक सही उत्तर का एक अंक व प्रत्येक गलत उत्तर हेतु 1/4 ऋणात्मक अंक दिये जायेंगे। उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियो की श्रेष्ठता सूची बनाकर वि0वि0 अधीनस्थ कर्मचारी सेवानियमावली में उल्लिखित प्राविधानों/इस सम्बन्ध में उत्तराखण्ड शासन से प्राप्त आदेशों के अन्तर्गत नियुक्ति प्रकिया सम्पन्न की जायेगी।

संस्थापनाधिकारी

आवेदन पत्र का प्रारूप

गोबिन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्यौगिक विश्वविद्यालय पंतनगर, जिला ऊधम सिंह नगर –263145, उत्तराखण्ड

विज्ञापन सं0, बैंक ड्राफ्ट/नकदी रसीद सं0, दिनांक, पासपोर्ट आकार का सत्यापित फोटो 1. पद का नाम एवं वेतनमान 2. प्रार्थी का नाम 3. माता–पिता/पति का नाम 4. जन्मतिथि अंको में, शब्दों में 5. राष्ट्रीयता 6. पत्र व्यवहार का पूरा पता टेलीफोन नं0 सहित 7. स्थाई निवास का पूरा पता टेलीफोन सं0 8.. क्या आप उत्तराखण्ड की अनु:जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/उत्तराखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों/समाज के विंकलाग अभ्यर्थी/भूतपूर्व सैनिक या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से सम्बन्धित है, हॉ/नहीं, यदि हॉ तो उत्तराखण्ड शासन द्वारा निर्धारित प्रमाण पत्र संलग्न करे। 9. शैक्षिक/तकनीकी योग्यताऐं, जिसमें परीक्षा/श्रेणी /उत्तीर्ण वर्ष का पूर्ण विवरण हो। 10. रोजगार अभिलेख जैसे नियोक्ता का नाम, पदनाम, वेतनमान, कार्यावधि, किए गए कार्य का विवरण, छोड़ने का कारण। 11. विश्वविद्यालय में कार्यरत संबधियों का विवरण यदि कोई हो, नाम, पद, विभाग जहॉ कार्य कर रहे हैं, अभ्यर्थी से संबंध। 12.(अ) क्या आप कभी गिरफ्तार/बंदी बनाए गए हैं अथवा किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किए गए हैं। (ब) क्या आप कभी इस विश्वविद्यालय द्वारा दंडित किये गए। ((स) क्या आप किसी सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र की संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था से पदच्युत/सेवामुक्त किए गए। यदि हॉ तो कृपया पूर्ण विवरण दीजिए। 13. सेवायोजन पंजीकरण सख्या, पंजीकरण का दिनांक एवं पंजीकरण की वैधता तिथि। **घोषणा:** मैं घोषित करता/करती हूॅ कि उपरोक्त सूचनाऐं मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही और पूर्ण हैं तथा कोई तथ्य छिपाया/गलत ढंग से प्रस्तुत नही किया गया है। यदि किसी समय यह पाया जाए कि मैंने कोई सूचना छिपाई/गलत ढंग से प्रस्तुत की है तो मेरी सेवाएं बिना किसी नोटिस/क्षतिपूर्ति के समाप्त की जा सकती हैं। यदि मेरी नियुक्ति एग्रोमेट आब्जरवर पद पर होती है तो मैं विश्वविद्यालय द्वारा नियत कार्य को सम्पादित करूॅगा/करूॅगी। दिनांक, प्रार्थी/प्रार्थिनी के हस्ताक्षर।